भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4761

जिसका उत्तर 22 जुलाई, 2019/31 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया गया

वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाएं

4761. श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया:
श्री जी. सेल्वम:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाओं के अन्तर्गत बैंकों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा आज तक बैंक-वार कितने खाते कार्यशील हैं;

(ख) उक्त योजना से कितने वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए हैं;

(ग) उक्त योजना के संबंध में निवेश सीमा, ब्याज दर और आयकर के आकलन की प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार उक्त योजनाओं हेतु नई नीति बना रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा उक्त योजनाओं को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आकर्षक और उपयोगी बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) ने यह सूचित किया है कि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, 2004 को एजेंसी बैंकों एवं डाकघर के माध्यम से चलाया जा रहा है। दिनांक 30.6.2019 की स्थिति के अनुसार, सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा सूचित किए गए आंकड़े के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत परिचालनरत खातों एवं विशिष्ट वरिष्ठ नागरिक जमाकर्ताओं का बैंक-वार विवरण अनुबंध में है।

(ग): आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) से प्राप्त सूचना के अनुसार, इस योजना के तहत न्यूनतम निवेश सीमा 1000 रूपए हैं और अधिकतम सीमा 15 लाख रूपए हैं तथा जुलाई से सितंबर की तिमाही 2019 के लिए ब्याज दर 8.6% है। इसके अतिरिक्त, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के प्रावधानों के तहत, योजना में की गई जमाराशियों को आयकर से छूट दी गई है।

(घ): जी, नहीं।

(ङ): आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) से प्राप्त सूचना के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस योजना को आकर्षक और लाभदायक बनाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों पर मुनाफा निर्धारित बाजार ब्याज दरों में 100 बेसिक प्वाइंटस जोड़कर नियत की गई है।

*****

अनुबंध

"वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाएं" के संबंध में दिनांक 22.7.2019 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4761 का उत्तर

दिनांक 30.6.2019 की स्थिति के अनुसार, सरकारी क्षेत्र के बैंकों में वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, 2004 के तहत परिचालनरत **खातों और विशिष्ट जमाकर्ताओं का विवरण।**

क्र.सं.	बैंक	परिचालनरत खातों की संख्या	विशिष्ट जमाकर्ताओं की संख्या (वरिष्ठ नागरिकों)
1	इलाहाबाद बैंक	29,346	20,759
2	आंध्राबैंक	9,875	9,875
3	बैंक ऑफ बड़ौदा	1,35,651	1,35,651
4	बैंक ऑफ इंडिया	67,065	65,727
5	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	24,517	12,743
6	केनरा बैंक	42,696	42,696
7	सेंट्रलबैंक ऑफ इंडिया	50,788	32,693
8	कॉर्पोरेशनबैंक	7,824	5,711
9	इंडियन बैंक	16,112	12,800
10	इंडियन ओवरसीज बैंक	27,166	15,898
11	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	10,186	7,331
12	पंजाब नेशनल बैंक	83,699	57,311
13	पंजाब एंड सिंध बैंक	3,253	2,337
14	सिंडीकेट बैंक	7,398	7,398
15	यूको बैंक	24,090	19,095
16	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	72,383	72,383
17	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	68,408	36,380
18	भारतीय स्टेट बैंक	7,47,063	4,60,324
	कुल	**14,27,520**	**10,17,112**

स्रोत *बैंक*

*****